## एक नजर में

### एनएसएस स्वयंसेवक ने किया 9वीं बार रक्तदान



**शाजापुर .** राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जिले में समाजसेवा, नवाचार एवं युवा नेतृत्व की पहचान बना चुके प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर की एनएसएस इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं पूर्व इकाई एंबेसडर रवि कुमार ने रविवार को अपने जन्मदिवस पर 9वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया. रवि कुमार ने जिला चिकित्सालय शाजापुर के ब्लड बैंक में रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है तथा प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए. उन्होंने युवाओं से अपने जन्मदिन एवं विशेष अवसरों को समाजहित के कार्यों से जोड़ने का आह्वान किया.

### भाजपा के जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में योजनाओं की दी जानकारी

**आगर मालवा .** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व महू विधायक उषा ठाकुर व विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, विधायक मधु गेहलोत, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप सकलेचा, गोविंद सिंह बरखेडी, बाबुलाल यादव, संयोजक डॉ.गजेंद्र सिंह चंद्रावत, अजय जैन रहे. अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने की. अतिथियों का स्वागत महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साक्षी सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रेखा यादव, सुरेन्द्र सिंह परिहार, राजेश आर्य, मेहरबान सिंह, भरत प्रजापत, अंतरसिंह, अरविंद आर्य, दरबार सिंह, रोहित सकलेचा, भवंरसिंह, बजरंग पाटीदार, डॉ. सौरभ जैन, अमित नागर आदि ने किया. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई. सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री व महु विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं. उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2014 से पहले और उसके बाद के भारत की स्थिति का आकलन किया जाए तो विकास, आधारभूत संरचना,गरीब कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, दृढ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के स्वप्नं को साकार करने में पुरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाते रहेंगे. भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया. सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा ने किया व आभार जिला महामंत्री सूरजसिंह परिहार ने माना. अंत में कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को घर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया. यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने दी.

### 196 श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दर्शन को रवाना



**शुजालपुर .** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत शनिवार देर रात शुजालपुर रेलवे स्टेशन से 196 श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ. 13 से 18 जून तक आयोजित इस धार्मिक यात्रा में शुजालपुर नगरीय क्षेत्र के 36 श्रद्धालु भी शामिल हैं. स्टेशन परिसर में श्रद्धा, उत्साह और भावनाओं से भरा माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में परिजन और शुभचिंतक यात्रियों को विदा करने पहुंचे. रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे. हालांकि तेज हवाओं के चलते लगाए गए टेंट हटाने पड़े, लेकिन मौसम सुहावना रहने से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा. रात करीब 11.30 बजे विशेष व्यवस्था के तहत सभी यात्री ट्रेन में सवार होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए. यात्रियों को शुभकामनाएं देने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, तहसीलदार किरण धाकड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे. अतिथियों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनकी मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की. इस अवसर पर मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों के जीवन और भावनाओं से जुड़ी हैं, इसलिए उन्हें व्यापक स्वीकार्यता मिलती है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना ने विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान कर उनके मन में विशेष स्थान बनाया है. उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी का धाम केवल श्रद्धा का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत का भी महत्वपूर्ण प्रतीक है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में तीर्थ स्थलों के विकास और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों से देश अपनी सांस्कृतिक जड़ों से और अधिक मजबूती से जुड़ रहा है. यात्रा पर रवाना हुए वरिष्ठ नागरिकों ने भी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया. उनका कहना था कि सीमित आर्थिक संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण वे स्वयं ऐसी यात्राएं नहीं कर पाते, लेकिन मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना ने उन्हें अपने आराध्य के दर्शन का सौभाग्य प्रदान किया है. योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी श्रद्धालु केवल आर्थिक कारणों से धार्मिक स्थलों की यात्रा से वंचित न रहे. यही कारण है कि शुजालपुर से रवाना हुए श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और आस्था का वातावरण दिखाई दिया.

### दिग्विजय ने जताया आभार

इंदौर. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा सॉलिसिटर जनरल को पत्र लिखने पर आभार जताया है. उन्होंने महापौर को फोन पर कहा कि आपके पत्र से मुझे सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस का पक्ष रखने का अवसर मिलेगा. कल महापौर भार्गव ने सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को दिग्विजयसिंह के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का प्रकरण दर्ज करने का पत्र लिखा है. उसकी जानकारी मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने महापौर के पत्र का स्वागत किया है. दिग्विजयसिंह ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को फोन कर आभार जताया और महापौर से बोले आपके पत्र से सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखने का अवसर मिलेगा. सिंह ने कहा कि पचास साल के राजनीतिक जीवन में हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है. साथ ही महापौर को यह भी बताया कि अब सत्य और तथ्य सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखे जाएंगे.

# फैक्ट्री के गेस्ट हाउस पर धर्म विशेष का झंडा

**शाजापुर. शाजापुर शहर से चंद किलोमीटर दूर आक्या चौहानी रोड पर ग्राम लोंदिया की जमीन पर कांग्रेस के एक पूर्व नेता की फैक्ट्री हुआ करती थी, जिसका गेस्ट हाउस काफी आलीशान बना था. इस फैक्ट्री की जमीन की लीज समाप्त हो गई और महाराष्ट्र व यूपी के कुछ लोगों ने इस फैक्ट्री के स्क्रैप का टेंडर लिया था. याने कि फैक्ट्री के पुराने सामाने को बेचने का टेंडर था. यहां तक तो ठीक है, लेकिन जो गेस्ट हाउस फैक्ट्री के अंदर बना है, उस पर धर्म विशेष का झंडा चर्चा का विषय है. आज तक पुलिस ने इस बात की तफ्तीश नहीं की कि इस फैक्ट्री में हो क्या रहा है और कौन-कौन लोग यहां आते हैं. क्योंकि शाजापुर पहले ही स्लीपर सेल के लिए चर्चा में रहा है.**

गौरतलब है कि आक्या चौहानी रोड पर ग्राम लोंदिया में इंदौर के कांग्रेसी नेता की एक पुरानी फैक्ट्री थी, जिसकी लीज समाप्ति के बाद इस फैक्ट्री का स्क्रैप खरीदने के लिए यूपी और महाराष्ट्र के कुछ लोगों ने टेंडर लिया था. बताया जाता है कि एक साल के अंदर इस स्क्रैप को हटाना था. लेकिन आज एक साल से अधिक समय हो गया, लेकिन अब तक स्क्रैप नहीं हटा. इसके उलट फैक्ट्री के



अंदर पूर्व में जो आलीशान गेस्ट हाउस बना था, उसके ऊपर धर्म विशेष का झंडा चर्चा का विषय है. आसपास के लोगों का कहना है कि यहां पर बाहर से बहुत से लोग आते हैं. चूंकि गेट बंद रहता है इसलिए ये पता नहीं चलता है कि अंदर क्या चल रहा है. लेकिन पुलिस ने आज तक इस फैक्ट्री के अंदर जाकर कभी भी न तो तफ्तीश की और न ही इस बात की जानकारी ली कि बाहर के लोग कौन हैं और किस उद्देश्य से यहां आते हैं.

**अंदर काम करने वाले अधिकांश मजदूर भी बाहर के**

फैक्ट्री में जो स्क्रैप का काम चल रहा है, उसमें अधिकांश मजदूर बाहर प्रांत के हैं. स्थानीय मजदूर न के बराबर हैं. ये सभी मजदूर अधिकांश धर्म विशेष के ही हैं. जो फैक्ट्री के अंदर ही रहते हैं. इस संबंध में लालघाटी थाना प्रभारी का कहना है कि बहुत पहले इसकी जानकारी ली थी. तो पता चला था कि इन लोगों ने फैक्ट्री बैंक में पैसे जमा करके अपने नाम करा ली है. उसके बाद से पुलिस वहां कभी गई ही नहीं. अब इस मामले की तफ्तीश कराते हैं कि फैक्ट्री के अंदर कौन-कौन लोग क्या काम कर रहे हैं.

**जमीन पर हो सकता है कब्जा...**

आक्या चौहानी रोड पर यह फैक्ट्री लगभग 50 से 100 एकड़ में फैली है. जो सरकारी जमीन की लीज पर बनी थी. अभी लीज का रिन्यूअल नहीं हुआ है, लेकिन समय रहते स्थानीय लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, तो इतनी बड़ी सरकारी भूमि की लीज दूसरे राज्यों से आए धर्म विशेष के लोगों को मिल सकती है, क्योंकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह लीज की प्रक्रिया चल रही है. अब देखना यह है कि जो लोग यूपी और महाराष्ट्र से आकर इस फैक्ट्री का स्क्रैप हटाने के नाम पर यहां काम कर रहे हैं वो कौन लोग हैं और उनका पूरा रिकॉर्ड पुलिस के पास है या नहीं.

### संदिग्ध गतिविधियों का भी अंदेशा

फैक्ट्री के पास के गांव वालों का कहना है कि इस फैक्ट्री के अंदर बाहर के लोग आते हैं, लेकिन वो क्या काम करते हैं, इसका कुछ पता नहीं है. कई गांव वालों ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर संदिग्ध गतिविधियां भी संचालित हो रही हों, इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं. इस संबंध में उद्योग विभाग शाजापुर से जब जानकारी ली गई, तो उनका कहना था कि इस फैक्ट्री की लीज समाप्त हो गई है और स्क्रैप हटाने के लिए कुछ लोगों को ठेका दिया था. उन्होंने बैंक में पैसा जमा करके स्क्रैप का टेंडर लिया था. बाकी फैक्ट्री की जानकारी शाजापुर उद्योग विभाग के पास भी नहीं है.

**इनका कहना है**

*आक्या चौहानी रोड पर बंद पड़ी फैक्ट्री में कौन-कौन लोग रहते हैं और यहां क्या काम चल रहा है. इसकी तफ्तीश कराई जाएगी. सुरक्षा की दृष्टि से काम करने वालों के रिकॉर्ड भी चैक कराए जाएंगे.*

***- अर्जुन मुजाल्दे, थाना प्रभारी, लालघाटी, शाजापुर***

# डॉ. किशोर विश्वकर्मा के योगदान को किया याद

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सामाजिक समरसता एवं सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय में आठ वर्षों तक सेवाएं देने वाले डॉ. किशोर कुमार विश्वकर्मा का सम्मान कर उनके योगदान को स्मरण किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ. सरस्वती वंदना वैष्णवी मालवीय ने प्रस्तुत की.

समारोह में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने डॉ. विश्वकर्मा के शैक्षणिक, सामाजिक एवं संस्थागत योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है. डॉ. आशीष यादव ने डॉ. किशोर कुमार विश्वकर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया, जबकि डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने प्रियांशु नेमा का स्वागत किया. समारोह में डॉ. बीके त्यागी, डॉ. प्रवीणा धारीवाल सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने डॉ. विश्वकर्मा के कार्यकाल की उपलब्धियों को याद करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की. वक्ताओं ने कहा कि उनकी सेवाएं और कार्यशैली विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी. कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश मेवाड़ा, मंच व्यवस्था का दायित्व वैष्णवी मालवीय, संचालन प्रीतम सिंह परमार ने किया. समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही.

## डॉ. गेहलोत बने प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष

**शुजालपुर . प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के अकोदिया ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. सुशील कुमार गेहलोत का खाटू श्याम सेना ट्रस्ट द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया.**

इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर आयोजित समारोह में उन्हें बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ. गेहलोत लंबे समय से सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. उनकी कार्यनिष्ठा और समाजहित के प्रति समर्पण को देखते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. गेहलोत अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई दिशा देंगे. सम्मान के दौरान डॉ. सुशील कुमार गेहलोत ने संगठन के वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उन्हें सौंपे गए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे. उन्होंने इस सम्मान के लिए खाटू श्याम सेना ट्रस्ट का भी धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यक्रम में श्याम प्रेमी तरुण कुशवाह, रमेश थानेरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजसेवी उपस्थित रहे.

## रक्तदान दिवस पर शिविर आयोजित

**शाजापुर .** विश्व रक्तदान दिवस पर नगर की आईएमए संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें नगरवासियों ने स्वेच्छा से रक्तदान करते हुए अपना योगदान दिया. इस दौरान जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया था, उन्हें सम्मानित भी किया गया. जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. एसडी जायसवाल एवं उनकी टीम के सहयोग से रक्तदान कराया गया.

## आगर ब्लॉक इकाई की बैठक

**आगर मालवा . आगामी 26 जून को आगर में होने वाले मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला सम्मेलन को लेकर ब्लॉक इकाई आगर की एक बैठक रविवार शाम स्थानीय सर्किट हाउस पर संपन्न हुई.**

बैठक में मुख्य अतिथि संभागीय सचिव महेश शर्मा व विशेष अतिथि जिला उपाध्यक्ष महेंद्र परमार, जिला महासचिव राजेश राव मंचासीन रहे. अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय झंजी ने की. मुख्य अतिथि महेश शर्मा ने आगामी जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पत्रकारों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र परमार व जिला महासचिव राजेश राव ने पूर्व में हुई बैठक की जानकारी दी. इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रहमान कुरैशी, सैयद सादीक अली, राजेश शर्मा, जहीर उद्धीन, सचिन खरे, अशोक परिहार, आरिफ खान, दशरथ सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे.

## शांति वन में किया पौधारोपण

**शुजालपुर, 14 जून.केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को शुजालपुर मंडी स्थित शांति वन में उच्च शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक इंदरसिंह परमार के नेतृत्व में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मुक्तिधाम समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया. वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है. अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है. कार्यक्रम में मुक्तिधाम समिति के सदस्यों एवं सामाजिकजनों की सक्रिय सहभागिता रही.

## ट्रैक्टर ट्रॉली-ट्रक की भिड़ंत

**शाजापुर .** नेशनल हाईवे-52 पर रविवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक की टक्कर हो गई. इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया. हादसा लालघाटी थाना क्षेत्र के भेरू डूंगरी के पास हुआ. जहां ट्रेक्टर में भरे लकड़ी के गुटके सड़क पर बिखर गए, जिससे हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा. बताया जाता है कि सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच लकड़ी के गुटकों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली और एक ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में ट्रैक्टर चालक मज्जू पिता रईस खान निवासी शाजापुर घायल हो गया. दुर्घटना के बाद ट्रक सवार दो लोग तथा दो अन्य मौके से फरार हो गए.

## बुनियादी साक्षरता-गणना क्षमता पर फोकस

**शुजालपुर . नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों तथा बुनियादी साक्षरता एवं गणन क्षमता एफ एलएन आधारित शिक्षण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन बीआरसीसी कार्यालय शुजालपुर में किया गया.**

बैठक की अध्यक्षता विकासखंड स्रोत समन्वयक सुरेन्द्र गोयले ने की. इसमें जनशिक्षक, शैक्षणिक समन्वयक तथा मिशन अंकुर प्रभारी उपस्थित रहे. बैठक में विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, मेंटरिंग भ्रमण, एफ एलएन सामग्री के प्रभावी उपयोग तथा शिक्षक मार्गदर्शिका के नियमित क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गइ.. सभी जनशिक्षकों को मेंटरिंग एप पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत विद्यालय भ्रमण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. इस दौरान कक्षा पहली में प्रवेश, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, अपार आईडी निर्माण, पाठ्यपुस्तक वितरण, बाल ट्रैकिंग एप, जादुई पिटारा एवं एफ एलएन सामग्री के उपयोग की प्रगति की समीक्षा की गई. अधिकारियों ने विद्यालय भ्रमण के दौरान ब्लॉक स्तरीय टीम के साथ साप्ताहिक वीडियो संवाद के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों, पाठयोजना के क्रियान्वयन और बच्चों के अधिगम स्तर की नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया. बैठक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों, एक पेड़ मां के नाम अभियान, आरएसके सत्यापन, स्वच्छ विद्यालय गतिविधियों तथा एफएलएन के 14 बिंदुओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की भी समीक्षा की गई.

## 2 करोड़ 92 लाख 30 हजार 840 रुपए की मदद

**शुजालपुर . शिक्षक केवल विद्यार्थियों का भविष्य ही नहीं गढ़ते, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी मिसाल कायम करते हैं. इसका ताजा उदाहरण प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा संचालित मदद की दुनिया अभियान है. इस पहल के तहत प्रदेश के 1 लाख 20 हजार से अधिक शिक्षकों ने एकजुट होकर अब तक 11 दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों को 2 करोड़ 92 लाख 30 हजार 840 रुपए की प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है.**

संघ की इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारदर्शिता है, इसमें न तो कोई बिचौलिया है और न ही कोई केंद्रीय कोष. प्रत्येक शिक्षक अपने स्तर पर 40 से 100 रुपए तक की सहयोग राशि सीधे पीड़ित परिवार के बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से जमा करता है. शिक्षकों की संख्या बढ़ने के साथ व्यक्तिगत सहयोग राशि कम हुई, लेकिन सामूहिक सहयोग से सहायता राशि लाखों रुपए तक पहुंच गई. संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में मात्र सात दिनों के भीतर 42 हजार 205 ऑनलाइन लेनदेन विवरण यूटीआर अपलोड कर चार दिवंगत शिक्षक साथियों के आश्रितों के लिए 75 लाख 96 हजार 900 रुपए की सहायता राशि जुटाई गई, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है.

अभियान के तहत अब तक देवास, बैतूल, बालाघाट, दमोह, धार और नरसिंहपुर सहित विभिन्न जिलों के 11 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को सम्मानजनक आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका है, इनमें दमोह जिले के दिवंगत शिक्षक दिलीप सिंह लोधी के परिवार को सर्वाधिक 40 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई. संभाग प्रभारी मनोहर सिंह यादव, जिला प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत तथा सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ प्रभारी इन्दर नाथ ने बताया कि वर्ष 2025 में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है. यह केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षकों की एकजुटता, संवेदनशीलता और अपने साथियों के प्रति समर्पण का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि हजारों शिक्षकों के सहयोग से दिवंगत साथियों के परिवारों को कठिन समय में संबल मिल रहा है. इस अनूठी पहल की शुजालपुर सहित पूरे मालवा अंचल और प्रदेशभर में सराहना की जा रही है. शिक्षकों का यह प्रयास समाज में सेवाए सहयोग और मानवीय मूल्यों की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहा है.

## शिव महापुराण कथा का विश्राम

**शाजापुर .** लालपुरा स्थित कायस्थ धर्मशाला में अधिकमास के उपलक्ष्य में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया. यहां पं. मोहित मेहता ने श्रद्धालुओं को शिव महापुराण का वाचन कर हरि और हर के बारे में बताया. समापन अवसर पर नगर में चल शोभायात्रा निकाली गई, जिसका भी नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. कथा के अंतिम दिन पं. मेहता ने सात दिनों तक चली इस कथा में हर अर्थात भगवान शिव और हरि अर्थात भगवान विष्णु की एकात्मता का मार्मिक वर्णन किया. उन्होंने कहा कि जहां हर है वहीं हरि हैं. शिव और विष्णु में भेद करने वाला कभी ईश्वर को नहीं पा सकता. कथा के अंतिम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और हर-हर महादेव व नारायण-नारायण के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा. इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई.

## रक्तदान शिविर में 11 यूनिट रक्त संग्रहित

**शाजापुर . मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**

रक्तदान अभियान में 11 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा किया गया. कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय शाजापुर के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर्स एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, नि:शुल्क विधिक सहायता, शासकीय कल्याणकारी योजनाओं एवं अन्य विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई. श्रवण एवं वाक बाधित प्रतिभागियों की सुविधा हेतु सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ द्वारा वर्चुअल इंटरप्रिटेशन की व्यवस्था की गई, जिससे प्रतिभागियों को कार्यक्रम की जानकारी सहज एवं प्रभावी रूप से प्राप्त हो सकी. कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा आदि उपस्थित थे.

**एक नजर में** ▶ **सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल**

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑनलाइन योग अभियान में सहभागिता

**शाजापुर . अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय भारत सरकार, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं हाबिल्ड हेल्थ टेक प्रा.लि. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र में जिला प्रशासन शाजापुर, आयुष विभाग शाजापुर, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, श्रम विभाग एवं जिले के समस्त विभागों के द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई.**



यह आयोजन 14 जून को सुबह 6.15 से 7.15 बजे तक आयोजित किया गया.

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकतम संख्या में लोगों को एक साथ ऑनलाइन योग से जोड़कर स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना रहा. जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम के निर्देशन में जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आयुष औषधालयों एवं आयुष विंग में ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किए गए. साथ ही आयुष विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों को नियमित योग अभ्यास हेतु प्रेरित किया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी प्रदान की गई.

### योग के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की...

विशेष रूप से शाजापुर एवं शुजालपुर क्षेत्र में नागरिकों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा बड़ी संख्या में ऑनलाइन योग सत्र से जुड़कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास को सफल बनाने में अपना योगदान दिया. जिलेभर के योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की.

## तहसील कार्यालय के विरोध में ज्ञापन आज

**शाजापुर, 14 जून.** कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को किसान संगठन, भू-स्वामी, अधिवक्ता, सर्विस प्रोवाईडर आदि मिलकर तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली के विरोध में ज्ञापन सौंपेंगे. पीड़ितों ने बताया कि तहसील शाजापुर में पिछले लगभग 8 महीनों के दौरान नामांतरण, फौती नामांतरण, बंटवारा, इंद्राज दुरुस्ती, सीमांकन, भूमि अभिलेख सुधार सहित लगभग 200 राजस्व प्रकरण निरस्त किए गए हैं. जिसके विरोध में आम लोग, किसान संगठनों, भू-स्वामियों, अधिवक्ताओं, सर्विस प्रोवाइडरों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा इन प्रकरणों की निष्पक्ष जांच, निरस्त आदेशों की समीक्षा तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जाएगी.